मार्कशीट और डिग्री अपडेट कराने के लिए 31 तक करें आवेदन

देहरादून। उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय की ओर से इंजीनियरिंग कॉलेजों में छात्रों की मार्कशीट को अपडेट कराने के लिए 31 मई तक आवेदन मांगे हैं। इसके बाद विवि स्तर पर 30 जून तक सभी मार्कशीट को अपडेट करने के साथ ही डिग्रियां भी तैयार कर कॉलेजों को सौंपी जाएंगी।

तकनीकी संस्थानों में छात्र मार्कशीट हासिल करने के बाद जिन विषयों में बैक पेपर या अंक सुधार आदि की परीक्षाएं देते हैं। उनके अंक अपडेट करने के बाद नई मार्कशीट तैयार होती है, लेकिन इसके लिए छात्रों को पुरानी मार्कशीट जमा करानी होता है और नई के लिए आवेदन करना पड़ता है। कई बार छात्र तो कई बार संस्थान स्तर पर इसमें लापरवाही होती है। विवि को समय रहते पुरानी मार्कशीट और छात्रों के आवेदन नहीं मिल पाने के कारण नई मार्कशीट और उसके आधार पर डिग्री तैयार करने में परेशानी हो रही है। छात्र नई मार्कशीट और डिग्री हासिल नहीं कर पा रहे हैं।

छात्रों की समस्या का देखते विवि के परीक्षा नियंत्रक डॉ. वीके पटेल की ओर से संबद्ध सभी तकनीकी संस्थानों के निदेशकों को पत्र भेजा गया है। इसमें बताया गया है कि 31 मई तक पूर्व की अंकतालिका और आवेदन पत्र आदि जमा करा दें। संवाद